# इंवेस्ट यूपी और डीएफसीसीआइएल के बीच तीन वर्षीय रणनीतिक समझौता

राब्यू, जागरण● लखनऊ: राज्य के परिवहन साधनों व गोदामों के तंत्र (लाजिस्टिक्स ईकोसिस्टम) को मजबूत करने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआइएल) और इन्वेस्ट यूपी के बीच गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित हुआ है।

तीन वर्ष के लिए प्रभावी यह समझौता माल ढुलाई और निवेश को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। एमओयू अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की मौजूदगी में हुआ। डीएफसीसीआइएल की ओर से कार्यकारी निदेशक, परियोजना संदेश श्रीवास्तव और इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरन आनंद ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।